प्रैस विज्ञप्ति

20 नवम्बर 2013

आई आई टी एफ 2013 में इनोवेशन पवेलियन अवश्य देखें

आजकल चल रहे भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला आई आई टी एफ 2013 में हाल नं. 14 के बाहर इनोवेशन मण्डप में व्यापारी उद्यमशीलता और अर्थक्षम नई संकल्पनाओं और उद्‌भावनाओं के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को दर्शाया जा रहा है । यह पवेलियन बड़ी संख्या में व्यापारी और विदेशी प्रतिनिधि मण्डलों को आकर्षित कर रहा है ।

फगवाड़ा (पंजाब) की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एल पी यू) के छात्रों द्वारा प्रदर्शित माडल अत्यधिक आकर्षण का केन्द्र है । इस यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भारत के सर्वप्रथम जीवंत मिनीयेचरपार्क एवं गोकार्ट, फोरमुला-1 कार बनाकर और एफ बाईसाइकिल के ऐसे माडल प्रदर्शित किये हैं जो हाथ और बैट्री दोनों से चलाये जा सकते हैं और जिसमें दो व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है । एल पी यू के अलावा इस पवेलियन में नौ और प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता आयोजित की है जिसमें नई संकल्पनाओं और नई प्रक्रियों को प्रदर्शित कर रहे हैं ।

मैसर्स सुमोना आटोमेशन ने ऐसे उत्पाद लाकर औद्योगिक आटोमेशन में क्रान्ति पैदा कर दी है जिनका उद्देश्य जल, बिजली और ईंधन का संरक्षण करना है । सी आई एच (कण्ट्रोल इन हैण्ड) एक ऐसी एस एम एस आधारित निगरानी एवं नियंत्रण प्रणाली है जिसके द्वारा गीजर, ए सी, पम्प, जनरेटर सैट और स्ट्रीट लाइटों आदि जैसे बिजली के उपकरणों को संसार में कहीं से भी मोबाइल फोन के जरिये चलाया /बंद किया जा सकता है जिसमें बड़ी संख्या में जनसाधारण और व्यापारिक प्रभोक्ता रूचि ले रहे हैं । मैसर्स क्लग क्राफ्ट ने ऐसा स्मार्ट और जीवंत उत्पाद बनाया है जिसमें जिगबी नामक तार रहित प्रौद्योगिकी का होम आटोमेशन कोर्डिनेटर लाइट आटोमेशन स्विचेज और डिमर्स, लाइट, टेम्प्रेचर सेंसर्स, विंडो/ वारड्रोव/ लाकर्स सेफटी सेंसर्स/गैस लीक वाल्ब सेंसर्स और कण्ट्रोलर और इंटेलीजेंट तालों जैसे उत्पादों में प्रयोग किया है जिनका प्रयोग इंटेलीजंट घरों और स्मार्ट बिल्डिगों में किया जा सकता है ।

मैसर्स स्मार्ट 24x7 द्वारा आविष्कृत पैनिक बटनों का उद्देश्य परिचितों और कम्पनी के नेटवर्क आप्रेशन सेन्टर (एन ओ सी) को एस एस एम भेजना है जो ऐसे समय में जबकि प्रयोक्ता की सुरक्षा खतरे में हो, आपात स्थिति में पुलिस/ एंबुलैंस/ फायर पी ए एफ को सूचित कर देता है । यह उत्पाद विशेष रूप से महिला दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है ।

मैसर्स इनवैंटिव हास्पिलिटी प्राइवेट लि. ने भारत में सबसे पहली बार कीन मानक वायो लिक्विड फार्मुलेशन प्रस्तुत किया है जो परिस्थितिकी पर्यावरण, भूमि और प्रकृति की संरक्षा करता है । यह एक ऐसा वायोरिमेडिएशन एजेन्ट है जिसमें आयात डिग्रेडिंग माइक्रोब्स, एंजाइम्स और बायो सरफ्कै टेन्स के 8 स्ट्रैंस चियगुण है जो हाइड्रोकार्बन, रेसिड्यूअल वेस्ट स्पिल्स आदि सहित सभी जैविक पदार्थों और तैलीय मालिक्यूल्स को विलयित कर सकते हैं और उसके द्वारा खर्चीले अपशिष्ट पदार्थो की उठा धराई और निपटान की आवश्यकता को कम कर सकता है । इनके विभिन्न फामूलों का सरफेस क्लीनर, पार्ट्र्स क्लीनर, आयल इस्पिल क्लीनअप, बायोसेनिसर, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, ओडूर न्यूट्रेलाइजर, नेचुरल हैण्डवाश, सरफेस क्लीनर, जर्मकिलर आदि के रूप में प्रयोग किया जा सकता है ।

मैसर्स ग्रीनकरमा ने एक ऐसा जल आधारित बहुउद्देशीय क्लीनर प्रस्तुत किया है जिसे डियोडोराइजिंग, क्लीनिंग, एंटीवैक्टीरीयल, एंटीस्टेटिक, रस्ट प्रिवेंशन, डिग्रीसिंग और स्ट्रेलाइजिंग के कामों में प्रयोग किया जा सकता है । मैसस बुलेडो का 'बल्यूपाई' एक ऐसा अद्‌भुत उत्पाद है जो मनोरंजन को मोबाइल से टेलीविजन में अंतरित कर देता है । इसे एनड्रायड 4.2 जेलीबीन को टेलीविजन पर चलाया जा सकता है । इसके प्लग और झंझटरहित प्लेफीचर्स से कोई भी व्यक्ति प्ले स्टोर से सामग्री को आनलाइन भेज सकता है, डाउन लोड कर सकता है और एड्रांयड गेम खेल सकता है और फुल हाइडेफिनेशन में मुवी देख सकता है, संगीत सुन सकता है, सोशल मीडिया अपडेट चैक कर सकता है और मोबाइल आदि से कटैंट को सीधे टेलीविजन पर ले जा सकता है । इस नयी चीज को देखने के लिए किशोर लम्बी लाइन लगाये हुए हैं ।

इसके साथ ही साथ, कृतिका पोली कारपोरेशन (आई आई टी-बी एच यू) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वनारसी हिन्दू विश्वविद्यालय के टैक्नोलाजी विजनैस इंन्क्यूबेटर्स का हिस्सा है जो अदभुत पौलीमर वैक्सलीन से निर्मित प्रतिगाओं और कलाकृति को प्रदर्शित कर रहा है । वैक्सलीन ताने बाने और क्रिस्टलाइजेशन में सुधार करके उसे कुछ ही समय में और अधिक चमकीला, रेशमी और अधिक चिकना बना देता है । इससे उस कलाकृति की एंटिक वैल्यू में सुधार होता रहता है । यह जलने के समय को बढ़ता है । आकृति खराब होने को रोकता है, कालिस को कम करता है और परम्परागत मोम की आयल बाईंडिंग में सुधार करता है । इस उद्यम के प्रत्यूश कहते हैं कि अब समय आ गया है कि हम प्रख्यात व्यक्तियों का स्वयं का अपना म्यूजियम बना लें ।

यदि आप चाय के पारखी हैं तो यहां आपके लिए मैसर्स सी सी टी कम्पनी द्वारा निर्मित प्राकृतिक कैफीन वाली सत प्रतिशत आर्गेनिक प्राकृतिक चाय और लैमन चाय है ।

*****